# ULB

BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

## *E-News Letter*
## *April, 2016*

## ENERGY SAVING



नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 50KW विद्युत कनैक्शन किया हुआ है। बिजली बचत के लिए 33.00 लाख रूपये की लागत से 40KW क्षमता का सोलर पैनल लगाया गया है। 33.00 लाख रूपये में से 11.00 लाख रूपये की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है। इस प्रकार सोलर पैनल लगाने की कुल लागत 22.00 लाख रूपये है।

सोलर पैनल को REIL द्वारा स्थापित किया गया है। सोलर पैनल लगाने से 70 प्रतिशत बिजली का उपभोग इसी से किया जावेगा।

## स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 4500 आवेदन ऑनलाईन उपलोड किये गये है। तथा 4500 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 4500 एप्रूव्ड किये जा चुके हैं। 4200 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

# सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में स्थित नौंह वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट Up gradation संचालन एवं रखरखाव हेतु निविदा प्राप्त कर ली गई है। निविदा 707.93 करोड़ की लगाई गयी थी। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत V.G.F. System के अन्तर्गत कराया जायेगा। जिसमें 20 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 6.66 प्रतिशत राशि राज्य सरकार शेष राशि निविदादाता द्वारा लगायी जावेगी।

नगर निगम द्वारा निविदादाता से Negotiation की कार्यवाही की जा रही है। इसके पश्चात् निविदा स्वीकृति हेतु श्रीमान निदेशक महोदय को भिजवाया जावेगा।

# अमृत योजना

अमृत योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार संशोधित ैस्प्च में राशि डीपीआर अनुसार वर्ष 2016–17 की भिजवायी गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज एवं सैप्टेज मैनेजमेन्ट | – | राशि 80.00 करोड़ + 10.00 करोड़ |
| 3. | स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज | – | राशि 33.03 करोड़ |
| 4. | अरबन ट्रान्सपोर्ट | – | राशि 20.00 करोड़ |
| 5. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 06.68 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 199.71 करोड** |

उपरोक्तानुसार सीवरेज कार्य की निविदा रुडसिको द्वारा लगा दी गई है, जिसकी राशि 79.66 करोड़ की निविदा Submission की अंतिम दिनांक 20.05.2016 निर्धारित है।

स्टोर्म वाटर ड्रेनेज एवं ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की आगामी बैठक में स्वीकृति हेतु रखा जावेगा। अरबन ट्रांसपोर्ट एवं सैप्टेज मैनेजमेन्ट की डीपीआर का कार्य प्रगति पर है।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत महिलाओं के 160 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 75 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है। मार्च माह में वित्तीय लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी आर.ओ. को नोटिस देकर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आदेश जारी किये गये है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह फरवरी, 2016 तक 642 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 7 आवेदकों का प्रशिक्षिण कार्य शुरू हो चुका है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह फरवरी, 2016 तक 458 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 97 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 40 आवेदनकर्त्ताओं को 21.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है।

स्ट्रीट वैंड़र घटक के तहत 1,000 से अधिक संख्या होने के कारण एजेंसी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए सम्बन्धित एजेन्सी को 2.00 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

# भामाशाह सीडिंग

इसके तहत् 18.1.2016 से 23.2.2016 तक नगर निगम, भरतपुर क्षेत्र के विभिन्न वार्ड़ों में शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें आधार तथा भामाशाह योजना के लिए नामांकन किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड़ की सीड़िंग का कार्य किया गया। सीड़िंग कार्य के लिये डाटा एकत्रित करने हेतु 50 वार्डों में स्तरीय कार्मिकों तथा नगर निगम भरतपुर के 10

कर्मचारियों को सर्वे हेतु लागाया था। इससे पहले प्रचार प्रसार हेतु लाउडस्पीकर के जरिये नगर निगम क्षेत्र में प्रचार–प्रसार करवाकर अपील के पर्चे वितरित किये गये एवं समय–समय पर समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी कर सीड़िंग हेतु आम जनता से अपील की गई। योजना अंतर्गत सीडिंग का कार्य आदिनांक अटल सेवा केन्द्र, कलैक्ट्रेट परिसर में चल रहा है। जिसमें आवश्यक सूचनायें एंव दस्तावेज प्राप्त व जमा किये जा रहे है। नगर निगम क्षेत्र में दिनांक 10.05.2016 तक 79.27 प्रतिशत सीडिंग का कार्य कराया जा चुका है।

## राजस्व प्राप्तियां

नगर निगम, भरतपुर द्वारा वित्तिय वर्ष 2016–17 के लिए विभिन्न मदों में ठेकों से निम्न प्रकार राशि वसूल की गई है।

1. साईन बोर्ड विज्ञापन – 98,42,938 रू.
2. मोबाइल टावर – 7,97,030 रू.
3. विवाह स्थल पंजीयन – 41,01,504 रू.
4. पार्किंग ठेका – 2,33,750 रू.
5. हड्डी खाल ठेका – 2,76,667 रू.
6. पोल कियोस्क ठेका – 1,13,500 रू.

तथा नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में राजस्व से कुल 3,69,01535 रूपये प्राप्त हुए हैं।

## Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222 170**